



# 3 व 4 पहिया वाहनों की मेन मार्केट में नो एंट्री

## दीपावली को देखते हुए लिया गया फैसला



नवभारत न्यूज

विदिशा 13 अक्टूबर, दीपावली त्यौहार के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़भाड़ एवं यातायात अव्यवस्था से बचाने के लिए शहर में मेन मार्केट में चार पहिया और तीन पहिया वाहनों प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला लिया गया है ताकि बाजार में ट्रेफिक व्यवस्था बनी रहे व बार बार जाम के हालात न बने.सोमवार को शहर के कई इलाकों जाम के हालात बने लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे. शहर के अधिकांश जगहों पर यातायात पुलिस कर्मी तैनात नहीं रहते है जिसके चलते भी बार बार जाम की स्थिति बनती है. एसपी रोहित काशवानी के कुशल निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी यातायात आशीष राय के नेतृत्व में यातायात पुलिस विदिशा द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है.

नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित निर्देश जारी किए गए हैं. जिसमें मुख्य बाजार क्षेत्र में माधवगंज से निकासा, तिलक चौक एवं बड़ा बाजार तक समस्त प्रकार के तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा. माधवगंज से तिलक चौक तक समस्त प्रकार के दो पहिया वाहनों का प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा.

### अतिक्रमण करने वालों को दी समझाइश, सड़क पर वाहन न खड़े करने की नसीहत

शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से विदिशा यातायात पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा माधवगंज एवं मुख्य बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया गया. इस दौरान टीम ने दुकानदारों को समझाइश दी कि वे सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें तथा वाहन चालक बीच सड़क पर वाहन खड़ा न करें अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी. यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में तथा थाना यातायात प्रभारी आशीष राय के नेतृत्व में संपन्न की गई. इस दौरान यातायात पुलिस एवं नगर पालिका टीम के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे. गौरतलब है कि शहर में किसी भी जगह पर वाहनों को पार्क करने की जगह तय नहीं है ऐसे वाहन चालक मजबूरी में अपना वाहन दुकानों के आगे सड़क पर पार्क करते हैं.

### बाल विहार में पार्क किए जाएंगे वाहन

वहीं माधवगंज क्षेत्र में खरीदारी हेतु आने वाले दो पहिया वाहन बाल विहार उद्यान में पार्क किए जा सकेंगे. कोतवाली निकासा क्षेत्र में खरीदी के लिए आने वाले दो पहिया वाहन पुरानी नगर पालिका परिषद परिसर में पार्क किए जाएंगे. बड़ा बाजार एवं लोहा बाजार क्षेत्र में आने वाले दो पहिया वाहन खाई रोड पर खड़े किए जा सकेंगे.पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें, मुख्य बाजार में तीन या चार पहिया वाहन लेकर न जाएं एवं वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें ताकि सभी नागरिक सुरक्षित एवं सुगम तरीके से दीपावली पर्व की खरीदारी कर सकें.

# मेडिकल ऑफिसर को लटेरी बीएमओ बनाए बैठे हैं सीएमएचओ, जबकि दो को बदला

## कमिश्नर के आदेश का पूरी तरह से नहीं हो रहा पालन, यहां पर भी चल रही मनमानी

नवभारत न्यूज

**विदिशा 13 अक्टूबर, एनएचएम के आदेश का हलवा देते हुए सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार ने कुरवाई और सिरोंज के प्रभारी बीएमओ को हटाते हुए अपनी मूल पदस्थापना पर पहुंचा दिया है. जबकि लटेरी में सविंदा कर्मचारी डॉक्टर अभिषेक उपाध्याय अभी भी बीएमओ बने बैठे हैं. जबकि उनकी मूल पदस्थापना प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र गरेंठा में मेडिकल ऑफिसर्स के रूप में हैं. इसके बाद भी कमिशनर तरुण राठी के आदेश का उल्लंघन करते हुए लटेरी बीएमओ के पद पर पदस्थ रखा गया है.**

एनएचएम ने 14 अगस्त को जारी पत्र में कहा गया है कि प्रशासकीय, प्रशासनिक पदों के प्रभार में पदस्थ विशेषज्ञों, पीजीएमओ एवं संविदा चिकित्सा अधिकारियों को समस्त प्रभार से मुक्त कर तत्काल चिकित्सकीय कार्य निर्वहन के लिए आदेशित किया जाए. इसी आदेश का हवाला देते हुए डॉक्टर विकास कुमार सिंह को सिरोंज बीएमओ के पद से हटाकर मूल पदस्थापना स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गरेंठा पहुंचा दिया गया है और सिरोंज जन चिकित्सालय अधिकारी डॉक्टर नीरज पंथी को अपने कार्य के साथ- साथ अस्थाई रूप से अन्य आगामी आदेश तक जन चिकित्सालय सिरोंज का बीएमओ नियुक्त किया गया है.

### डॉ . आजाद को भी कुरवाई बीएमओ के पद से हटाया, प्रमोद दीवान को बनाया

एमएनएम के आदेश का हवाला देते हुए पीजीएमओ डॉक्टर आजाद सिंह ठाकुर को भी कुरवाई.बीएमओ के पद से हटा दिया गया है. उन्हे कुरवाई से हटाकर अपनी मूल पदस्थापना स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरवाई में चिकित्सीय कार्य करने के लिए आदेशित किया गया है. उनके स्थान पर डॉक्टर प्रमोद दीवान जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी को अस्थाई रूप से अन्य आगामी आदेश तक कुरवाई बीएमओ का प्रभार सौंपा गया है.

### चेतावनी पत्र जारी किया गया है जल्द ही उन्हें मूल पदस्थापना पर भेजा जाएगा

सीएमएचओ डॉ.रामहित सिंह, ने बताया कि एनएचएम के आदेश का पालन करते हुए दोनों को बीएमओ के पद से हटाकर अपनी मूल पदस्थापना स्थल पर भेजा गया है। लटेरी के प्रभारी बीएमओ को भी जल्द हटाया जाएगा। थोड़ा समय लग रहा है। धीरे धीरे सब कर रहे हैं। कुरवाई बीएमओ की लगातार शिकायत आने पर यह कार्रवाई की गई है. लटेरी बीएमओ के संबंध में भी शि[िकायत प्राप्त हुई थीं. उन्हे चेतावनी पत्र भी जारी किया गया था. जल्द ही उन्हे भी अपनी मूल पदस्थापना पर भेजा जाएगा.

## एक नजर में

### 48 घंटे में गुम नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षा एवं उनकी सुरक्षित दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में लगातार अभियान चलाया जा रहा है.फरियादी द्वारा थाना शमशाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी 17 वर्ष 5 माह की नाबालिग बहिन को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है. रिपोर्ट पर से थाना शमशाबाद,में अपराध क्रमांक 335/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.पुलिस टीम ने लगातार सर्च ऑपरेशन एवं साइबर तकनीक का उपयोग करते हुए अथक प्रयास किया और रविवार को नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया.

### दीवाली से पहले मिलेगी कर्मचारियों को सौगात

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने विगत दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट कर केंद्र के समान राज्य के कर्मचारियों का डीए बढ़ाने पर चर्चा हुई है. मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति प्रदान की है. प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि संगठन के माध्यम से हमने मुख्यमंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा की है. मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दे दी है.विभागीय स्तर पर तैयारी चल रही है.आगामी कैबिनेट बैठक में आदेश होने की पूरी संभावना है. जिला विदिशा के जिलाध्यक्ष ईश्वर शर्मा राजू ने कहा कि सभी विभागों के कर्मचारियों में हर्ष है.मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में मंहगाई भत्ता के आदेश हो रहें हैं.दिवाली से पहले इस उपहार के लिए कर्मचारी हितैषी मुख्यमंत्री एवं प्रांतीय नेतृत्व को धन्यवाद आभार व्यक्त करते हैं.आभार व्यक्त करने वाले जिला कार्यकारी अध्यक्ष भगत सिंह राजावत, सचिव जगदीश श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री नीलेश तिवारी, आशीष दुबे, मनोज तिवारी, संतोष शर्मा, अतुल श्रीवास्तव, महेश करतारिया, देवेन्द्र रघुवंशी, भगतसिंह रघुवंशी, लोकेश श्रीवास्तव, आशा भार्गव, वंदना भार्गव, अंजना साहू, संगीता डेरिया, मनोरमा पंथी, शिवप्रसाद विश्वाकर्मा, बृजमोहन शर्मा, पंकज शर्मा, राकेश मैना,अतुल श्रीवास्तव शामिल हैं.

# स्वदेशी को बढ़ावा देने से देश की अर्थ व्यवस्था होगी मजबूत

## स्वदेशी को लेकर भाजपा ने की प्रेसवार्ता



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में स्वदेशी को बढ़ावा देने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने को लेकर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया. इस दौरान सांसद आलोक शर्मा, विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे. पत्रकारों से चर्चा करते हुए आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी अपनाने के लिए देश के लोगों से आव्हान कर रहे हैं जिससे कि देश का पैसा देश में रहे और देश की अर्थव्यवस्था को ऊंचाई मिल सके.उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व हमारे देश में बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है इसलिए देश के लोगों से प्रधानमंत्री स्वदेशी वस्तुएं अपनाने और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं. इस अभियान में लोगों को जागरुक करने के साथ स्वदेशी से जोड़ने का काम भी कार्यकर्ता करेंगे. हमारा लक्ष्य है कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का संदेश जन-जन तक पहुंचे.

## गुलाबगंज नगर में निकला पथ संचलन

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष का उत्सव विजय दशमी से प्रारंभ हुआ जिसके उपलक्ष्य में खण्ड केंद्र गुलाबगंज नगर द्वारा पथ संचलन निकाला गया. इस दौरान 9 मंडल एवं नगर के 500 स्वयं सेवक दोपहर दो बजे सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में एकत्रित हुए जहां मुख्य अतिथि नूरपुर वाले महंत श्री श्री 1008 बालक दास जी महाराज,खंड के ग्राम विकास प्रमुख अजय सिंह रघुवंशी,खंड वाहक शिव प्रसाद तिवारी द्वारा संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार जी,गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. जहां पथ संचलन सांदीपनि विद्यालय प्रांगण से शुरू हुआ जो वापस सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में समापन हुआ.

# स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार जरूरी-विधायक

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** स्वास्थ्य सुविधाओं में चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों के द्वारा लगातार सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, मरीज अस्पताल में अपने जीवन की रक्षा के लिए आते हैं, उन्हें समय पर इलाज की सुविधा दी जाना आवश्यक है, लापरवाही बरतने पर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार जरूरी है.यह विचार यहां विधायक हरिसिंह सप्रे ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की क्लास लेते हुए व्यक्त किए. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरवाई में नव पदस्थ प्रभारी ब्लॉक मैडीकल आफीसर डॉ.प्रमोदकुमार दीवान के द्वारा कार्यभार ग्रहण किया गया है. गत दिवस विधायक हरिसिह सप्रे के द्वारा सीएचसी अस्पताल कुरवाई की व्यवस्थाओं में सुधार हेतु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों की बैठक आहूत की गई, विधायक श्री सप्रे ने इस मौके पर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ एवं जनहितैषी बनाने के निर्देष दिए, चिकित्सा विभाग के मैदानी कर्मचारियों तथा स्थानीय चिकित्सा केन्द्र में पदस्थ चिकित्सा स्टाफ को इस मौके पर उनके द्वारा मरीजों के प्रति मानवीय संवेदनाओं को बनाये रखकर त्वरित इलाज की सुविधायें प्रदान करने की अपेक्षा की गई. इस मौके पर राजमल जैन, सीताराम सैनी, अधिवक्ता ओमप्रकाश आर्य के द्वारा भी चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार हेतु अपने सुझाव दिए गए.



# कदमताल करते निकले पांच बस्तियों के स्वयंसेवक

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में शहर में आयोजित हो रहे बस्ती बार पथ संचलन की कड़ी में रविवार को नगर में पांच बस्तियों के अलग-अलग पथ संचलन निकाले गये. सभी बस्तियों में एकत्रीकरण, मुख्य वक्ता के बौद्धिक उपरांत पथ संचलन प्रारंभ हुये. जिसमें स्वयंसेवक अनुशासित रूप से नगर के मार्गों से देशभक्ति के गीत गाते हुए निकले. संचलन के पूर्व बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों में मदन मोहन बस्ती में मुख्य अतिथि राजेंद्र मंगल, जटाशंकर बस्ती में सर्जन शर्मा एवं गणेश बस्ती में निशा दीदी, नेहा दीदी ने सहभागिता की. मदनमोहन एवं गणेश बस्ती में विभाग प्रचारक सौरभ सिंह, शिवाजी बस्ती में जिला मुख्य मार्ग प्रमुख अरविंद दांगी, जटाशंकर बस्ती में जिला शालेय विद्यार्थी प्रमुख शिवम बघेल एवं सुभाष बस्ती में जिला सह संपर्क प्रमुख जितेंद्र श्रीवास्तव का उद्बोधन स्वयंसेवकों को मिला. नगर की गणेश, शिवाजी, सुभाष, जटाशंकर एवं मदनमोहन बस्ती के अलग अलग मार्गो से निकले पथ संचलन का नागरिकों ने अनेक स्थानों पर रंगोली बनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. गणेश बस्ती एवं मदन मोहन बस्ती में कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गीत से हुआ. अतिथियों का परिचय, अमृत वचन एकल गीत के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विभाग प्रचारक सौरभ सिंह ने उद्बोधन देते हुए संघ की विकास यात्रा के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने भारत के गौरवशाली अतीत, परंपरा और वर्तमान परिस्थितियों का वर्णन किया. उन्होंने समाज को एकजुटता से संगठित रहने हेतु प्रेरित किया.

## जीएसटी और नीति सुधारों पर हुआ वेबिनार

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय में 13 अक्टूबर को भारत में आर्थिक स्थिरता के सन्दर्भ में जीएसटी और नीति सुधारों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया. यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित था.वेबिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य प्रतिभागियों को विषय से संबंधित नवीनतम जानकारी और व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करना था.कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक अतिरिक्त संचालक प्रोफेसर मथुरा प्रसाद, संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वनिता बाजपेई, विशेष अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी, मुख्य अतिथि अग्रणी कन्या महाविद्यालय विदिशा के प्रोफेसर भगवान दास अहिरवार थे.

# चलो आज कुछ अच्छा करते हैं ने चलाई सनातनी समाज को मजबूत करने की मुहिम




नवभारत न्यूज

**विदिशा, चलो आज कुछ अच्छा करते हैं के नवयुवकों ने एक मुहिम की शुरुआत विदिशा से की.सनातनी त्योहार.सनातनियों से व्यवहार हाथों में पोस्टर्स लिए घरों के आगे दुकान के आगे बाजार में शहर भर में चिपकाते हुए एक मैसेज विदिशा की जनता को दे रहे हैं.की दिवाली आ रही है और दिवाली की खरीदारी अपने सनातनी भाइयों की दुकानों से ही करें ताकि उनके परिवार की दिवाली साकार हो सके.हमारा हिंदू सनातनी समाज मजबूत हो सके.**

इसके साथ ही ट्विटर और फेसबुक पर उन्होंने यह मुहिम का आगाज कर दिया है कि यह मुहिम न केवल विदिशा की रहे पूरे देश में इस मुहिम का असर हो. उनका यह कहना है अगर हिंदू मजबूत होगा तो देश भी मजबूत होगा.आई लव मोहम्मद बहुत सुन लिया आई लव सनातनी दुकानदार की मुहिम को पूरे देश में शुरू करना है.चाहे एक छोटा दीपक भी क्यों ना खरीदना हो चाहे उसके लिए कहीं दूर भी क्यों न जाना हो चाहे थोड़े पैसे ज्यादा भी क्यों न देने हो मगर खरीदना अपने सनातनी भाइयों की दुकान अपने सनातनी भाइयों की दुकान से ही.यह संदेश घर-घर दुकान दुकान देते हुए नवयुवक इस मुहिम को पूरे देश की मुहिम बनाना चाह रहे हैं.

